दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 94
मुरादाबाद
24 July 2025
(Thursday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

महिलाओं के नाम रजिस्ट्री कराने पर मिलेगी छूट... यूपी कैबिनेट में 37 प्रस्तावों को दी मंजूरी

सरकारी कर्मचारियों को 25 लाख का लोन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में छात्रों को टैबलेट वितरित करने का निर्णय लिया गया।महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर स्टांप में छूट देने का फैसला लिया गया है। एक करोड़ तक की रजिस्ट्री में एक फीसदी स्टांप तक की छूट दी जाएगी। इसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये रखी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में कैबिनेट ने 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी है।बैठक के बाद यूपी सरकार के मंत्रियों ने फैसलों के बारे में जानकारी दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्रों को स्मार्टफोन नहीं बल्कि सिर्फ टैबलेट दिया जाएगा। इसके लिए दो हजार करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। अभी तक 60 लाख बच्चों को टैबलेट दिया जा चुका है।मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से सभी 121 पॉलीटेक्निक में टाटा टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित होगा। पहले चरण में 45 पॉलीटेक्निक अपग्रेड किए जाएंगे। इस पर 6935 करोड़ का खर्च आएगा। इसके सारे उपकरण टाटा कंपनी उपलब्ध करवाएगी। प्रति पॉलीटेक्निक 57 करोड़ रुपये का खर्च होगा। ये कायाकल्प एक साल में होगा। पशुधन मंत्री ने बताया कि पराग डेयरी को नोएडा में भूखंड को दिया जाएगा। बैठक में यूपी विधानसभा का मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलाने का निर्णय लिया गया। बुंदेलखंड और पूर्वांचल के किसानों की आमदनी बढ़ाने केलिए विश्व बैंक साथ साझा कार्यक्रम यूपी सरकार चला रही। इसके तहत जेवर एयरपोर्ट के पास प्रोसेसिंग और निर्यात की व्यवस्था की जाएगी। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। जेवर पर कार्गो का बड़ा सिस्टम डेवलप किया जा रहा। उन्नाव में हेचरी सीड उपलब्ध कराने के लिए यूएई की कंपनी 4000 करोड़ का निवेश करेगी। यूएई की कंपनी फूडपार्क भी बनाएगी। पुरानी पेंशन योजना से छूटे कर्मचारियों को एक और अवसर पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने से छूट गए कर्मचारियों को कैबिनेट ने एक और अवसर दिया गया है। नेशनल पेंशन स्कीम से आच्छादित राज्य सरकार के ऐसे सरकारी कर्मचारी, जिनका चयन प्रदेश में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली लागू करने से संबंधित अधिसूचना की तारीख 28 मार्च 2005 से पहले हो चुका था, उन्हें इसका लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने के संबंध में निर्धारित कट ऑफ तारीख को 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। इस राहत से करीब 2000 कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय पेंशन योजना वर्ष 2004 में बनी थी। भारत सरकार की इस नीति को हूबहू लागू कर दिया गया था। इसके तहत 31 मार्च 2004 से पहले की तारीख तय की गई थी। राज्य सरकार ने इसमें एक साल की छूट दे रखी थी। चूंकि इसका नोटिफिकेशन 28 मार्च 2005 को आया था इसलिए इसे एक अप्रैल 2005 से लागू किया गया। इसमें कुछ कर्मचारी छूट गए थे। उन्हें सरकार ने एक मौका दिया है। कैबिनेट मंजूरी के बाद 28 मार्च 2005 से पहले वाले सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने के लिए आच्छादित हो जाएंगे। हजरतगंज में अग्निशमन स्टेशन को दी जाएगी नजूल भूमि राजधानी के हजरतगंज 3404 वर्ग मीटर नजूल भूमि का स्वामित्व अब अग्निशमन स्टेशन को दे दिया गया है। इस भूमि का नामांतरण औव हस्तानांतरण गृह विभाग को करने को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा सरकार ने अयोध्या में सरयू नदी जलापूर्ति स्रोत से वाटर ट्रीटमेंट फेज- योजना के तहत चिह्नित भूमि को भी नगर विकास विभाग को निशुल्क दिए जाने का फैसला किया है। वहीं कैबिनेट ने हमीरपुर में केंद्र सरकार द्वारा संचालित %आपकी सखी आशा ज्योति केंद्र/ वन स्टाप सेंटर% का भवन बनाने के लिए महिला कल्याण विभागह को निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यूपी कैबिनेट की अहम बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुए। इसमें महिलाओं को स्टांप ड्यूटी में छूट देने के साथ सरकारी कर्मचारियों को लोन देने के फैसले शामिल हैं।केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों को भवन की मरम्मत व निर्माण के लिए मिलने वाली अग्रिम राशि को तीन गुना से ज्यादा बढ़ा दिया गया है। ब्याज दरों को भी बाजार दर से लिंक कर दिया गया है। इससे संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि कार्मिकों को भवन निर्माण, खरीदने, मरम्मत और विस्तार के लिए एडवांस का प्रावधान है। पहले ये राशि अधिकतम 7 लाख रुपये थी और फिक्स ब्याज 9.1 फीसदी था। इसमें वर्ष 2010 से संशोधन नहीं किया गया था। तब ब्याज दरें 11-12 फीसदी होती थीं। आज होम लोन पर ब्याज 7 से 8 फीसदी है। इससे 7 लाख रुपये लेने वालों की संख्या बहुत कम थी। कैबिनेट अनुमोदन के बाद अब अग्रिम राशि 7 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है। मार्केट रेट से ब्याज लिंक करने से 7 से 8 फीसदी पर रकम मिल सकेगी।शहरी लोगों को पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और नगरीय परिवहन जैसी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शहरों के आसपास स्थित ग्राम समाज की भूमि मुफ्त में दी जाएगी। इसके लिए नगर विकास विभाग को सेवारत विभाग का दर्जा देने का फैसला किया गया है। इसके आधार पर पांच साल तक ऐसी भूमि को मुफ्त में दिया जा सकेगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला किया गया। प्रदेश की कुल जनसंख्या की लगभग एक चौथाई आबादी शहरों में रहती है। प्रदेश में मौजूदा समय 762 निकाय हैं। इनमें 17 नगर निगम, 200 पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं। नगर विकास विभाग द्वारा संचालिक पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और नगरीय परिवहन के लिए पांच साल तक मुफ्त भूमि देने का आदेश राजस्व विभाग द्वारा 17 जून 2011 को जारी किया गया था, जो जून 2016 में समाप्त हो गया है। इसी तरह जो आदेश सात मार्च 2019 को इस संबंध में जारी आदेश मार्च 2024 में समाप्त हो गया है। इसके चलते स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना में केंद्र सरकार से स्वीकृत कार्यों को पूरा कराने में कठिनाई आ रही थी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सेनेट्री लैंडफिल साइट का विकास किया जाना, पेयजल परियोजनाओं के लिए ओवरहेड टैंक बनाने, टयूबवेल लगाने, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए भूमि की जरूरत है। ग्राम समाज की भूमि मुफ्त न मिलने की वजह से विभाग को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। इसीलिए नगर विकास विभाग को सेवारत विभाग मानते हुए पांच साल तक इन योजनाओं के लिए ग्राम समाज की भूमि मुफ्त में देने का फैसला कैबिनेट द्वारा किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

मनरेगा में अब तक 44 हजार करोड़ रुपये जारी, शिवराज चौहान ने लोकसभा में बताए पूरे आंकड़े

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में मनरेगा के लिए 86,000 करोड़ रुपये का बजट रखा है। अब तक 44,323 करोड़ रुपये राज्यों को जारी किए जा चुके हैं। यह फंड मजदूरी, सामग्री और प्रशासनिक खर्चों के लिए है। सरकार ने पिछली देनदारियों का भी निपटारा किया है।भारत सरकार ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अब तक कुल 44,323 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि इस फंड से देशभर में ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने के लिए मजदूरी, निर्माण सामग्री और प्रशासनिक खर्चों की पूर्ति की जा रही है।

लंबित देनदारियों का भी किया गया भुगतान ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने एक अलग प्रश्न के जवाब में बताया कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की लंबित मजदूरी देनदारियों का पूरा भुगतान और निर्माण सामग्री की 50 प्रतिशत देनदारियों का निपटारा कर दिया है। इससे योजना के संचालन में बाधा नहीं आएगी और मजदूरों को समय पर भुगतान मिल सकेगा। जरूरत के अनुसार मिलता है अतिरिक्त फंड शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है। रोजगार की मांग बढ़ती है, तो ग्रामीण विकास मंत्रालय उस आधार पर योजना का संचालन करता है।

मस्जिद में सपा की बैठकः उनका हथियार ही धर्म, अखिलेश के इस बयान पर डिप्टी CM बोले- वे समाजवादी नहीं, नमाजवादी

सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा कथित तौर पर एक बैठक के लिए मस्जिद का इस्तेमाल करने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पलटवार किया है। पाठक ने अखिलेश यादव को %समाजवादी% न कहकर %नमाजवादी% कहा। पाठक ने कहा कि वो हमेशा नमाजवादी बने रहते हैं।समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव के दिल्ली में संसद भवन के पास स्थित मस्जिद में कथित तौर पर बैठक करने पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा कि अखिलेश ने मस्जिद को सपा का दफ्तर बना दिया, जिसपर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया ने जवाब दिया है। अखिलेश यादव के जवाब पर यूपी की डिप्टी सीएम ने पलटवार किया है।दिल्ली में संसद मार्ग स्थित एक मस्जिद के अंदर कथित तौर पर हुई बैठक पर अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आस्था जोड़ती है और जो आस्था जोड़ने का काम करती है हम उसके साथ हैं। भाजपा को यही तकलीफ है कि कोई जुड़े नहीं। भाजपा लोगों में दूरियां देखना चाहती है।भाजपा चाहती है कि लोग एकजुट न होकर बंटे रहें। हमारी सभी धर्मों में आस्था है। भाजपा को तकलीफ है तो हम क्या करें। भाजपा को आप सब



जानते हैं, भाजपा का हथियार ही धर्म हैवहीं, अखिलेश यादव द्वारा कथित तौर पर मस्जिद के अंदर बैठक करने पर समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि 卐क्या अब हमें मंदिर और मस्जिद जाने के लिए भाजपा से लाइसेंस लेना होगा?...आपको बता दें कि बीते दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संसद भवन के पास वाली मस्जिद में सपा सांसदों के साथ बैठे थे, जैसे ही उनकी फोटो सामने आई, इस पर भाजपा ने मुद्दा बनाना शुरू कर दिया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने तस्वीर शेयर करते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश ने इस मस्जिद को समाजवादी पार्टी कार्यालय बना दिया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की।

वो हमेशा नमाजवादी बने रहते हैं- पाठक

सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा कथित तौर पर एक बैठक के लिए मस्जिद का इस्तेमाल करने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख और समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान का उल्लंघन करते हैं। भारतीय संविधान कहता है कि हम राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक स्थलों का उपयोग नहीं कर सकते। उन्हें संविधान में विश्वास नहीं है। पाठक ने अखिलेश यादव को %समाजवादी% न कहकर %नमाजवादी% कहा। पाठक ने कहा कि वो हमेशा नमाजवादी बने रहते हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव की सत्ता में वापसी की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सपा सत्ता में आती है, तो राज्य में दंगे और हत्याएं बढ़ जाएंगी।

भारत-पाकिस्तान पर ट्रंप के दावे जारी, राहुल गांधी का पीएम मोदी पर हमला;कहा- दाल में कुछ काला है

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को एक बार फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। इसे लेकर कांग्रेस ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के दावे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 25वीं बार यह बयान दिया। पीएम मोदी इस पर मौन हैं। इससे लगता है दाल में कुछ काला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल किया कि ट्रंप युद्ध विराम कराने वाले कौन होते हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर एक बार भी जवाब नहीं दिया है। प्रधानमंत्री कैसे बयान दे सकते हैं? वह क्या कहेंगे, ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन

यह सच्चाई है। ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, पूरी दुनिया जानती है। यह वास्तविकता है। संसद भवन परिसर में राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ संघर्ष विराम का मामला नहीं है। कई बड़ी समस्याएं हैं जिन पर हम चर्चा करना चाहते हैं। रक्षा, रक्षा उद्योग, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी समस्याएं हैं। स्थिति अच्छी नहीं है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे भाग गए हैं। प्रधानमंत्री एक बयान भी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप 25 बार कह चुके हैं कि मैंने संघर्ष विराम करवाया। संघर्ष विराम करवाने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने एक बार भी जवाब नहीं दिया। यह सच्चाई है, वह इसे छिपा नहीं सकते। सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के विदेश से लौटने पर ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने की बात स्वीकार कर ली है। राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और दूसरी तरफ कहा जाता है कि जीत हासिल हो गई है। या तो जीत हासिल हो गई है या ऑपरेशन सिंदूर जारी है। ट्रंप कह रहे हैं कि मैंने ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया, वह यह 25 बार कह चुके हैं। इसलिए कुछ न कुछ तो दाल में काला है। भारत की विदेश नीति को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने हमारी विदेश नीति को नष्ट कर दिया है। किसी ने हमारा समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने सरकार को घेरा इससे पहले ट्रंप के दावे के बाद कांग्रेस ने एक बार फिर मोदी सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि एक ओर मोदी सरकार संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर बहस की निश्चित तारीखें देने से इनकार कर रही है और प्रधानमंत्री के जवाब देने को लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दे रही है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रपति ट्रंप इस मुद्दे पर अपने दावों के साथ सिल्वर जुबली तक पहुंच चुके हैं। पिछले 73 दिनों में राष्ट्रपति ट्रंप इस विषय पर 25 बार ढिंढोरा पीट चुके हैं, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री अब तक पूरी तरह मौन हैं। उन्हें केवल विदेश यात्राओं और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को अस्थिर करने के लिए ही समय मिल रहा है।

संपादकीय Editorial

Media in the broken pot of debate

Many things are known when the salaries and allowances of the representatives come out in the open. If politics is a profession, then salary is also a right. Politics has got a ground to live on, so every victory has privileges attached to it. When the Himachal Vidhan Sabha was increasing the salary of the MLAs with a happy consensus, the media was getting the news of what the community is. That is why the youth of the press gallery were mentioned again and again in the House and the media sitting in the broken pot of every debate was also cursed, because journalism has neither rights nor privileges in democracy. In the era of inflation, democratic protection has become expensive, that is, every pillar of it needs expenditure, perhaps that is why 'Electoral Bond' was invented and also stopped by its miracle. The public sees the cost of every election in a dilemma. It is very difficult to become an MLA or MP after winning. Now even the election of Panchayat Councilor is a financial system. Therefore, if we hear the heartbeat of the next election in the payment of salary, then it is insufficient. Can anyone bear the cost of elections by saving on his salary and allowances? It is certainly very difficult to go through elections. If the salaries of MPs are increased, then naturally the need to increase the salaries of MLAs of the state increases. At least in the test of increasing salaries, the double engine proves useful. The BJP MLAs who spoke in the debate in the House spoke very well. They spoke in favour of the government and the reality of the state, but we will only say that with the same passion these responsible representatives should also speak in the ears of the Center in favour of Himachal. When did we once see the details of the capability of the elected representative in his education. He can become entitled to salary and pension after spending five years, because it is his constitutional right. This is the democracy here. We can say that the democracy of India is in a good mood and can always remain so, provided the honorables are not worried about what is the inflation rate in the country, what are their needs, what are their facilities, how much is their authority, how crippled is the country or how much debt is there on the state. By the way, the attendance register determines that there is discipline in getting salary, so the journalist who waits for news all day, marks his absence from salary. It is a different matter that now media's attendance is being signed by politics, journalists are being present in every court. Media is no longer just newspapers, so MLAs have also started uploading videos of their news or have started sharing them on digital channels here and there. As much as it was inside the House, it is more outside as well, because the videos of MLAs have now started becoming the property and views of journalists, still there is a complaint that journalists are not loyal. Those who bow down to the friendly side of the media on the issues of their videos from the honorable House, their contact with the public, debates between the ruling and opposition parties, political gossips and their image, if the same curse journalism on the justification of their salary, then it will have to be accepted on which basis of democracy their powers are being displayed. Within the limits of the arguments on which the salaries and allowances of the MLAs should be increased, it is unnecessary to criticize the financial recommendation in favor of the financial system of the state, the ambitions of the unemployed and the self-reliance and independence of the journalists. About half a dozen newspapers are being published from Himachal and the same number are coming from outside, so this is also an investment of employment. If the state has to stay close to words.

The government system is not improving, corruption continues, how will India become a developed country!

Governments are the biggest employers but even the central ministries are not able to get the work done as per the standards. The ruling party knows that it is difficult to build and operate infrastructure projects the way they should be. Due to this, the trend of giving contracts of various works to consulting companies by the governments is increasing. The series of road accidents in our country is not stopping. In this connection, recently the Transport Commissioner of Lucknow wrote a letter to the Secretary of the Ministry of Road Transport and Highways of the Central Government that the facility provided to commercial vehicles to get fitness certificate from anywhere is spreading anarchy. He pointed out that if a vehicle is in the possession of the police, then its certificate can be obtained from somewhere else as well. He mentioned such cases related to road accidents including Gorakhpur, Kanpur. He suggested that it would be better to implement the old system of giving fitness certificate again. These certificates were given by the regional RTO. It has become a trend in our country that if the government provides any facility to the citizens, many people start misusing it. Due to this, the government is forced to make changes in the facilities or services provided for the convenience of the citizens. After all, what is the problem for people in getting their commercial vehicles fitness checked properly? If their vehicles are not fit, there will be a risk of accident and service and repair expenses will also increase. Any vehicle which is serviced on time also consumes less fuel. Despite this, people are careless. Since earlier cases of fraud in fitness testing of vehicles and giving fake certificates by paying money used to come to the fore and vehicle owners also had difficulty in getting fitness certificate from RTO, hence the government provided a facility, but it did not work out. It did not work out because corruption in the government system is not decreasing. It is not only about the fact that due to corruption, questions are being raised on useful rules and laws in the matter of fitness of commercial vehicles. A similar situation exists in other matters as well and one of the reasons for this is the inefficiency and corruption of average government employees. It is no secret that cases of negligence and corruption of irresponsible government employees and officers keep coming up in areas ranging from construction and maintenance of infrastructure to other areas. No matter whose government it is, such cases do not stop. One reason for this is that the accountability of bureaucracy has not been fixed since independence. Since it is difficult for lazy and corrupt people to lose their jobs after joining government service, corruption in bureaucracy is not being controlled. This corruption has not only created problems for the public but has also created obstacles in the development of the country. Instead of improvement with time, the situation in many areas of governance and administration is the same as before and as far as construction of infrastructure is concerned, corruption was neither controlled before nor is it controlled today. What was the reason that the Modi government got the new Parliament building constructed by Tata's company instead of CPWD or any other such agency? Do governments no longer trust their own agencies or have they realized that they are not going to improve? Generally, the quality of construction done by the private sector is relatively good, but the quality of construction done by government agencies is not improving at all. The problem is that the corruption that government agencies do in the construction sector is now being seen in the private sector as well. Governments are the biggest employers, but even the central ministries are not able to get the work done as per the standards. Those in power know that the way infrastructure projects should be constructed and operated is hardly happening. Due to this, the trend of giving contracts of various works to consulting companies by the governments is increasing. Why do governments need consulting companies? Are the top bureaucrats and especially the IAS not capable or is their recruitment process not right? Recently, it was decided to take the services of a consultant company for the maintenance of sewer lines and drinking water pipelines in Delhi. This means that the engineers and other employees of the concerned government departments are not able to do even the simple work of laying or maintaining sewers and pipelines. Today it seems that the people in power are assuming that the average government employees will not work properly in future as well. It is difficult to understand why the agencies of the central or state governments related to construction or service delivery are not able to work according to their own standards? What should have happened is that the ministries, public sector undertakings and other government agencies should have competed with the private sector in terms of efficiency and quality of work and set an example. This would have impacted the private sector as well as the common people and they would also understand the need to follow the rules and laws, but in our country the tide is turning. At present, the necessary willpower to bring about fundamental changes and improvements in the functioning of the agencies of the center and the states is not visible. The bureaucracy is running on its old pattern to a large extent. Due to this, the dream of developed India is getting tarnished. The task is becoming difficult. Although the Prime Minister repeatedly says that there should be no compromise on productivity, quality and improvement in services, but except for a few areas, it does not seem to have much effect. Hardly anything can be seen in India that is up to the standards of developed countries. If this situation remains, how will India become developed? It would be better if this is considered above party political interests. Building the nation should be the first priority of everyone, the administration and the common people.

Childish politics, Congress believes Trump's claims

The Indian Prime Minister has told him clearly on the phone that America had absolutely no role in the so-called ceasefire as is being claimed. The Indian Prime Minister had also told the US President that India's policy on Kashmir remains the same and there is no question of any change in it,

but Congress is not ready to understand this.

Everyone interested in international politics must have probably understood well that US President Trump keeps making strange claims.

He often makes baseless comments and then backs out from them, but perhaps the opposition parties of India and especially the Congress have too much faith in Trump.

Trump claimed that five fighter planes were shot down during the India-Pakistan clash due to Operation Sindoor of the Indian Army in response to the terrorist attack in Pahalgam. He did not clarify which country these planes belonged to, but the Congress leaders immediately reached the conclusion that these fighter planes must have belonged to India.

They expressed the need to know the truth of this useless claim of Trump.

This need was expressed not by any Congress spokesperson but by the leader of opposition in Lok Sabha, Rahul Gandhi.

It seems that he neither trusts the Indian government nor the Indian army. This is not the first time that the Congress is giving importance to the half-baked and anti-India claims made by the leaders of Pakistan and China and sometimes even the US President in the case of Operation Sindoor.

Everyone knows that the US President's claim that he brought about a ceasefire between India and Pakistan and averted the possibility of a nuclear war between the two countries is hollow. No one is believing his claim.

The Indian Prime Minister himself has clearly told him on the phone that the US had absolutely no role in the alleged ceasefire as is being claimed.

The Indian Prime Minister had also told the US President that India's policy on Kashmir remains the same and there is no question of any change in it, but the Congress is not ready to understand this.

The leaders of Congress and opposition parties are well aware that their statements on Kashmir,

Operation Sindoor and many other matters have been used and capitalized on by Pakistan, China and other anti-India forces, but they do not care about it. The most unfortunate thing is that the Congress, which has been in power at the Centre for a long time and is familiar with the nuances of foreign policy,

is behaving childishly.

Even many regional parties are not doing this.

The leaders of Congress and some other parties seem to be waiting for statements against Indian interests to come from Pakistan, China,

America or any other country so that they can corner the government.

This is the attitude that is also hurting the credibility of these leaders.

डीपीओ ने झांझनपुर वार्ड में आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में दी जानकारी

स्वास्थ्य और सुपोषण के दृष्टिगत 5000 रुपए का है प्रावधान, गर्भवती महिलाएं नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र पर कराएं पंजीकरण। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कराए अधिकारी श्रीमती जानकी आर्या ने क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती प्रतिदिन किया जा रहा है। जिला वार्ड में आयोजित शिविर में पहुंचकर दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे मातृ वंदना योजना के बारे में महिलाओं बताया कि इस योजना का उद्देश्य में महिलाओं को आर्थिक लाभ प्रदान एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की कहा कि कोई भी गर्भवती महिला इस लाभ से वंचित न रह जाए इसलिए कार्यक्रम एवं पंजीकरण शिविर योजना में गर्भावस्था के पहले 6 माह एक प्रसव पूर्व जांच के बाद 3000

नगरीय क्षेत्र के साथ साथ ग्राम जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम बताया कि ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं का पंजीकरण कार्यक्रम अधिकारी ने झांझनपुर महिलाओं को गर्भावस्था के और सरकार द्वारा महिलाओं के में जानकारी दी। प्रधानमंत्री को जानकारी देते हुए उन्होंने गर्भावस्था की प्रारंभिक अवस्था करना है जिससे उनके पोषण पूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने योजना के तहत दिए जाने वाले व्यापक स्तर पर जागरूकता आयोजित किए जा रहे हैं। में पंजीकरण और कम से कम रूपये प्रदान किए जाते हैं। बच्चों के जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह के बाद टीकाकरण कराने पर 2000 रूपये प्रदान करने की योजना है। इस प्रकार पहले बच्चे के लिए दो किस्तों में कुल 5000 रूपये दिए जाते हैं और यदि दूसरा बच्चा लड़की है तो 6000 रुपए की एक और किस्त प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्र या उपकेंद्र पर संपर्क कर सकती हैं। मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड, आधार कार्ड पात्रता के अंतर्गत निर्धारित दस्तावेजों में शामिल है।

पशुओं में खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू।

अपर निदेशक, पशु पालन विभाग ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। जनपद के करीब पांच लाख गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं को लगाया जाएगा नि:शुल्क टीका। जिले में पशुधन को खुरपका-मुंहपका जैसे संक्रामक रोग से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। अपर निदेशक, पशु पालन विभाग डा. जगदीश प्रसाद ने जिला पशु चिकित्सालय मुरादाबाद से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम पशुधन की रक्षा और किसानों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अभियान भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम (एन.ए.डी.सी.पी.) के अंतर्गत 7 सितम्बर 2025 तक चलेगा। जिलेभर में 21 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में एक पशु चिकित्सा अधिकारी, एक पशुधन प्रसार अधिकारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/पशु मित्र सहित कुल तीन सदस्य कार्यरत रहेंगे। अभियान के दौरान सभी टीमें कोल्ड चेन व्यवस्था के साथ पशुचिकित्सा वाहनों से क्षेत्रवार टीकाकरण करेंगी। उन्होंने बताया कि इस चरण में 5 लाख गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं को नि:शुल्क टीका लगाया जाएगा, इसमें 4 माह से कम आयु के पशुओं एवं गर्भित मादा पशुओं को इस चरण में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे पशु जो किसी कारणवश टीकाकरण से छूट जाएंगे, उन्हें अगले चरण में शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में टीमें समयबद्ध पहुंचें और कोई पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को अनिवार्य रूप से टीकाकरण हेतु उपलब्ध कराएं, जिससे यह रोग जड़ से समाप्त हो सके। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील दत्त प्रजापति, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डॉ. जितेंद्र वीर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। क्या है खुरपका-मुंहपका रोग और क्यों है इतना खतरनाक? खुरपका-मुंहपका (फुट एंड माउथ डिजीज) एक गंभीर वायरल जनित बीमारी है जो पशुओं के लिए दर्दनाक साबित होती है। इस रोग के संक्रमण से पशुओं के मुंह और खुरों में छाले पड़ जाते हैं, जिसके कारण वे कुछ भी खा-पी नहीं पाते। भोजन-पानी छोड़ने की वजह से पशुओं में अत्यधिक कमजोरी आ जाती है और कई मामलों में उनकी मृत्यु भी हो जाती है। यदि समय पर इस बीमारी का इलाज न किया जाए तो पैरों में संक्रमण फैलने और कीड़े पड़ने का भी खतरा बना रहता है, जिससे पशु की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। पशु चिकित्सा विभाग ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि इस अभियान में सक्रिय रूप से हिस्सा लें और अपने सभी पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। इसके साथ ही विभाग ने पशुपालकों से अपने पशुओं के कान में टैग लगवाने और उन्हें %भारत पशुधन ऐप% पर पंजीकृत कराने का भी आग्रह किया है। इस पंजीकरण से न केवल पशुओं का रिकॉर्ड रखने में आसानी होगी, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन तक सीधे पहुंच सकेगा। विभाग का कहना है कि पशुपालकों की जागरूकता और सहयोग से ही खुरपका- मुंहपका जैसी घातक बीमारी पर पूरी तरह से काबू पाया जा सकता है।

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुलाबचंद्र के साथ मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान - शेष मतदाताओं से 25 जुलाई, 2025 तक गणना प्रपत्र भरने एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR) अभियान के अंतर्गत 24 जून, 2025 की स्थिति में कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से अब तक 6,99,92,926 मतदाताओं (88.65%) से गणना प्रपत्र प्राप्त किए जा चुके हैं। भारत निर्वाचन आयोग की दिनांक 16.07.2025 के प्रेस विज्ञप्ति के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में केवल 6.85% (54,07,483) मतदाता शेष हैं, जिनसे अगले 9 दिनों के भीतर, यानी 25 जुलाई, 2025 तक, गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने हैं। संभव है

कि इनमें से कई मतदाता अस्थाई रूप से बिहार के बाहर गये हुए है, जो ऑनलाइन माध्यम अथवा परिवार के सदस्यों के सहयोग से गणना प्रपत्र भर सकते है। अब तक 6,47,24,300 (81.96ल्ल) प्रपत्र अपलोड भी किए जा चुके हैं।

प्रारूप निर्वाचक नामावली 01 अगस्त, 2025 को प्रकाशित की जाएगी और दावा-आपत्ति की अवधि 01 अगस्त, 2025 से 01 सितंबर, 2025 तक निर्धारित है। बिहार से बाहर अस्थाई रूप से रहने वाले मतदाता भी अपने मोबाइल फोन, वेबसाइट https://voters.eci.gov.in अथवा ECINET App के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र स्वयं भर सकते हैं। इसके अलावा वे प्री- फिल्ड फॉर्म डाउनलोड कर हस्ताक्षरित प्रति को व्हाट्सएप, ई-मेल या अन्य माध्यम से क्क्ष्ह तक भेज सकते हैं, या परिवार के सदस्य के माध्यम से क्क्ष्ह को प्रेषित कर सकते हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्र भरने हेतु निम्न 11 दस्तावेजों में से कोई भी संलग्न किया जा सकता हैं-

1. किसी भी केन्द्रीय / राज्य सरकार / PSU के नियमित कर्मचारी / पेंशनधारी को जारी पहचान पत्र या PPO 2. 01 जुलाई 1987 से पूर्व भारत में किसी सरकारी / स्थानीय निकाय/ बैंक / डाकघर/स्छ्ष्ट/ क्क्ष द्वारा जारी कोई दस्तावेज 3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र 4. पासपोर्ट 5. मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाणपत्र 6. सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र 7. वन अधिकार पत्र 8. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र

9. नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (जहाँ उपलब्ध हो) 10. राज्य / स्थानीय प्राधिकारी द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर 11. सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र यदि इन उल्लेखित दस्तावेजों में से कोई एक भी गणना प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिया जाए, तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को नाम जोड़ने की प्रक्रिया में सुविधा होती है। यदि दस्तावेज तत्काल उपलब्ध न हों तो दस्तावेज बाद में 25 जुलाई, 2025 तक अथवा दावा-आपत्ति अवधि (01 अगस्त, 2025 से 01 सितंबर, 2025) में भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची में मतदाता का नाम सम्मिलित होने हेतु गणना प्रपत्र 25 जुलाई, 2025 तक उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। मतदाता ECINET App या https://voters.eci.gov.in पर जाकर अपने फॉर्म की स्थिति की भी जाँच कर सकते हैं।

हनीट्रैप गैंग का खुलासा: दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार, लोगों की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर करते थे ब्लैकमेल

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थाना पुलिस ने हनी ट्रैप गैंग का खुलासा करते हुए दो महिलाओं समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जाल में फंसाकर उनसे अवैध रूप से मोटी रकम ऐंठते थे। आरोपियों के पास से पीड़ित से वसूले 40 हजार रुपये और चार मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। बुधवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि कुछ लोगों ने उसे हनी ट्रैप में फंसाकर पहले आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और फिर दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की। डर के चलते व्यक्ति ने अपनी कार से 50 हजार रुपये निकालकर आरोपियों को दे दिये। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने सोनू शर्मा और अमन नामक युवकों के साथ मिलकर साजिश रची थी। सोनू ने महक उर्फ फरीदा को पीड़ित का मोबाइल नंबर दिया। इसके बाद महक ने व्हाट्सएप और फोन कॉल के जरिए उससे बातचीत शुरू की और फिर मिलने के बहाने एक किराये के फ्लैट में बुलाया। वहां पहले से मौजूद राहुल शर्मा, राधेश्याम और रानी ने पीड़ित की महक के साथ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लीं। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसाने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये मांगे। पीड़ित ने डर के चलते मौके पर ही 50 हजार रुपये दे दिए। बाद में मामला पुलिस तक पहुंचा और कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य फरार हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि महक उर्फ फरीदा पहले भी अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पिता की हत्या के मामले में जेल जा चुकी है। पुलिस ने राहुल शर्मा निवासी एकता कॉलोनी थाना मझोला, राधेश्याम निवासी चंदनपुर थाना मूंढापांडे, महक उर्फ फरीदा निवासी दीवान का बाजार व रानी निवासी मोहल्ला गुलाबरा का बाग थाना नागफनी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 40 हज़ार की नकदी व चार मोबाइल बरामद हुए हैं। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता कहना है कि गैंग के सदस्य सोनू शर्मा व अमन फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गैंग का खुलासा करने वाली टीम- लोगों हनी ट्रैप में फंसाने वाले गैंग के सदस्यों को सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने अपनी टीम के साथ मिलकर गिरफ्तार किया है। उनकी टीम में एसएसआई हरेंद्र सिंह, दरोगा विनित कुमार, विपिन पुंडीर, हेड कांस्टेबल अंकुमल कुमार, सिपाही आलिम जावेद, अकित कुमार, महिला सिपाही निधि चौधरी व ममता रावत शामिल है।

संक्षिप्त समाचार

ड्रोन की दहशत में रतजगा कर रहे ग्रामीणों ने चोर को बंधक बनाकर दी पिटाई

मुरादाबाद- इन दिनों ड्रोन मुरादाबाद समेत आसपास के जिलों में ड्रोन की दहशत है। लोग घर के बाहर लाठी डंडे लेकर रतजगा कर रहे हैं। देर रात चोरों की आहट पर जाग रहे ग्रामीणों ने एक युवक को दबोच कर बंधक बना लिया। धुनाई के बाद हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने चोर के हाथ में ड्रोन जैसा उपकरण देख हंगामा कर दिया। फिलहाल पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। केमरी रोड स्थित कोटा जागीर में सोमवार रात करीब एक बजे गांव में टहलते हुए चोरी की योजना बना रहे आधा दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों के देखे जाने पर शोर मच गया। इसके बाद भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने एक युवक को मौके से धर-दबोच लिया। बाकी मौका पाकर वहां से फरार हो गए। बताया जाता है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने पकड़े गए युवक की धुनाई लगाकर पूछताछ की। मगर वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हुआ इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण युवक को सड़क पर ले आए। बंधक बनाकर हंगामा काटने लगे। इससे अन्य ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर ग्राम प्रधान ओमप्रकाश यादव भी मौके पर पहुंचे। उधर सूचना पर भारी पुलिस बल गांव पहुंच गया। युवक को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया। अपने साथ कोतवाली ले आई। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने बताया कि आधा दर्जन के करीब लोग गांव के ही रहने वाले मंगल सिंह के घर के पास देखे गए। उनके हाथों में ड्रोन उड़ाने जैसा उपकरण था जिसमें लाल लाइट जलती दिख रही थी। गृहस्वामी ने शोर मचा दिया तो, लोग तितर-बितर हो गए। ग्रामीणों ने एक को मौके पर दबोच लिया।पुलिस क्षेत्राधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि लगातार पुलिस रात्रि गश्त कर रही है। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। जांच के उपरांत अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उत्पीड़न को लेकर भड़के राशन डीलर, किया प्रदर्शन

मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर हैं राशन डीलर

मुरादाबाद- तय मानदेय और कमीशन बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से हड़ताल कर रहे राशन डीलर मंगलवार को भड़क गए। गुस्साए डीलरों ने धरना प्रदर्शन कर मांगे पूरी करने के लिए आवाज उठाई। मुरादाबाद रोड स्थित एक बैंकट हॉल में बिलारी और कुंदरकी ब्लॉक के करीब तीन सौ ज्यादा राशन डीलर एक दिवसीय धरने में शामिल हुए। डीलरों ने मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि, 18 जुलाई को प्रदेश भर के राशन डीलरों ने संगठन के आह्वान पर लखनऊ में अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। 20 जुलाई से हड़ताल है। कहा कि सरकार अन्य प्रदेशों की भांति राशन डीलरों का निर्धारित 30 हजार महीना मानदेय किया जाए और उनका कमीशन बढ़ाया जाए। राशन डीलर का शोषण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। पांच महीने का कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष चौधरी हरवीर सिंह ने कहा कि, राशन डीलर इतने कम कमीशन में परिवार नहीं चला सकता है। सरकार मांगे पूरी करें। तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि, राशन डीलर की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इतने कम पैसों में परिवार का भरण पोषण नहीं हो सकता है। राशन डीलरों ने सरकार जल्द ही मांग पूरी करने की आवाज उठाई। धरने में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनिल चौधरी, हाजी अब्दुल हसन, रहीस अहमद ,रणवीर सिंह, महेंद्र सिंह, सत्तार अली, चौधरी हरवीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, अनवर हुसैन, रूमान लाल, यासीन हुसैन, अरविंद कुमार, डॉ. सलीम, गल्फराज हुसैन, चौधरी विजय पाल सिंह, सद्दाम हुसैन, ओमवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में राशन डीलर मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

कांग्रेस पार्टी ने किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अगुवाई में दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर एवं जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर के निर्देश पर नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अगुवाई मे आज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में किसानों को मुफ्त बिजली, खाद और सिचाई समेत अन्य समस्याओं को किया गया वादा सरकार पूरा नही कर पाई किसानों की इन समस्याओं को लेकर कोंच तहसील कोंच कांग्रेस कार्यकर्ता ओं ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार सादुल्ला खान को दिया कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि खरीफ की फसल में बुवाई चल रही है किसानों को इस समय यूरिया खाद व सिंचाई के लिए पानी की अत्यंत आवश्यकता है, भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में किसानों को मुफ्त बिजली और उनकी आय को दोगुना करने का वादा किया था किंतु वह वादा पूरी तरीके से आज खोखला साबित हुआ है वास्तविकता तो यह है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों को मुफ्त बिजली देना तो दूर की बात है बल्कि विद्युत आपूर्ति की कमी के चलते उन्हें सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है और खाद के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है आज किसान यूरिया और सिंचाई के लिए त्राहि त्राहि कर रहा है और यूरिया खाद के लिए किसान सहकारी समिति व निजी दुकानों पर काला बाजारी के चलते इस उमस भरी गर्मी में दिन दिन भर लाइन लगाए ओने पौने बढ़े दामों पर खरीदने के लिए विवश है।कांग्रेस ने किसानों को खाद बिजली पानी सिंचाई यूरिया खाद समय से उपलब्ध कराने हेतु शासन प्रशासन को किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम नरेश त्रिपाठी वरिष्ठ कांग्रेसी रज्जाक अंसारी वरिष्ठ कांग्रेस विजय कुमार द्विवेदी वरिष्ठ कांग्रेसी एडवोकेट पुष्कर राज सीनियर नेता ओमप्रकाश कौशिक जिला सचिव श्री नारायण दीक्षित पूर्व बार संघ अध्यक्ष नवल किशोर जाटव अवधेश अवस्थी पूर्व सभासद जाहिद खान सीनियर नेता विनोद कुशवाहा जिला महासचिव सेठ नासिर खान सभासद वेद प्रकाश द्विवेदी राजू वेद कासिम मंसूरी शहाबुद्दीन नजीर खान देवेंद्र शर्मा बृजेश श्रीवास्तव संतोष नायक राम प्रजापत बबलू दुबे सहित तमाम पार्टी नेता मौजूद रहे

मोहन भागवत बोले: आज सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान है भारतीयता; भौतिकतावाद से जूझ रही दुनिया हमारी ओर देख रही

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया भारत की ओर देख रही है, इस उम्मीद में कि यह उन्हें एक नया रास्ता दिखाएगा। हमें दुनिया को रास्ता दिखाना होगा। इसके लिए, हमें अपना राष्ट्र तैयार करना होगा, जिसकी शुरुआत खुद से और अपने परिवार से करनी होगी।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों का आह्वान किया कि वे भारतीयता को आत्मसात करें और दुनिया को उसकी सभी समस्याओं का समाधान दिखाएं। दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, भौतिकतावाद के कारण दुनिया कई समस्याओं का सामना कर रही है और अब जवाब के लिए भारत की ओर देख रही है क्योंकि पिछले 2000 वर्षों में पश्चिमी विचारों पर आधारित लोगों के जीवन में खुशी और संतोष लाने के सभी प्रयास विफल रहे हैं।उन्होंने कहा, दुनिया में विज्ञान और आर्थिक प्रगति के क्षेत्र में हुई सभी प्रगति ने विलासिता की चीजें ला दीं और लोगों के जीवन को आसान बना दिया, लेकिन दुखों को खत्म नहीं कर सकी। इग्नू और अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा, शोषण बढ़ा, गरीबी बढ़ी। गरीब और अमीर के बीच की खाई दिन-ब-दिन बढ़ती ही गई। प्रथम विश्व युद्ध के बाद शांति की वकालत करने वाली कई किताबें लिखी गईं, भविष्य में फिर से युद्ध न हो, इसके लिए राष्ट्र संघ का गठन किया गया, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ। लेकिन आज हम सोच रहे हैं कि क्या तीसरा विश्व युद्ध होगा।भागवत ने कहा, भारतीयता ही आज दुनिया के सामने मौजूद सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान है। भारत का होने का क्या अर्थ है? भारतीयता नागरिकता नहीं है। बेशक, नागरिकता आवश्यक है। लेकिन, भारत का हिस्सा बनने के लिए भारत का स्वभाव होना जरूरी है। भारत का स्वभाव पूरे जीवन के बारे में सोचता है। हिंदू दर्शन में चार पुरुषार्थ हैं... मोक्ष जीवन का अंतिम लक्ष्य है। भारत का स्वभाव धर्म दृष्टि पर आधारित है। उन्होंने कहा, धर्म के इसी अनुशासन के कारण भारत कभी सबसे समृद्ध राष्ट्र था और दुनिया इसे जानती है। संघ प्रमुख ने कहा, यही कारण है कि दुनिया भारत की ओर देखती है, इस उम्मीद में कि यह उन्हें एक नया रास्ता दिखाएगा। हमें दुनिया को रास्ता दिखाना होगा। इसके लिए, हमें अपना राष्ट्र तैयार करना होगा, जिसकी शुरुआत खुद से और अपने परिवार से करनी होगी। यह देखें कि क्या हम अपने दैनिक जीवन में अपनी दृष्टि का पालन कर रहे हैं या नहीं, और फिर इसमें सुधार करें। लोगों को परिवर्तन के लिए तैयार होने का आह्वान करते हुए, भागवत ने कहा, हम जो इतिहास जानते हैं वह पश्चिम की ओर से पढ़ाया जाता रहा है। मैं सुन रहा हूं कि हमारे देश के पाठ्यक्रम में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। उनके (पश्चिम) लिए, भारत का कोई अस्तित्व नहीं है। यह विश्व मानचित्र पर तो दिखाई देता है, लेकिन उनके विचारों में नहीं। अगर आप किताबों में देखेंगे, तो आपको चीन, जापान मिलेगा, भारत नहीं।



तत्काल टिकट और चार्ट टाइमिंग के बाद रेलवे ने बदला VIP कोटा नियम, अब इस समय तक करना होगा आवेदन

रेलवे की ओर से इमरजेंसी कोटा टिकट के नियमों में ये बदलाव हाल ही में लिए गए उस फैसले के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का फैसला किया गया है।रेलवे मंत्रालय ने चार्ट तैयार करने और तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव करने के बाद अब आपातकालीन कोटा के समय में भी बदलाव कर दिया गया है। रेल मंत्रालय कहना है कि यात्रियों को ट्रेन के प्रस्थान से कम से कम एक दिन पहले आपातकालीन कोटे के लिए आवेदन करना होगा।रेल मंत्रालय की ओर से इमरजेंसी कोटा के नियमों में बदलाव से संबंधित एक परिपत्र को जारी किया गया है। इसमें कहा गया है, रात 12 बजे के बाद दिन के 1 बजे के बीच रवाना होने वाली सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए, जबकि दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे के बीच रवाना होने वाली शेष सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले 4 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए। ट्रेन के प्रस्थान के दिन प्राप्त होने वाले अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।इसके अलावा रविवार या सार्वजनिक छुट्टियों के मामले में भी सर्कुलर में उल्लेख किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि छुट्टियों के दिन चलने वाली ट्रेनों का कोटा अनुरोध कार्यदिवस वाले ही मान्य किए जाएंगे। रविवार या उसके बाद छुट्टियों वाले दिन के इमरजेंसी कोटा भी पिछले कार्य दिवस के कार्यालय समय के दौरान ही मान्य किए जाएंगे। रेलवे की ओर से इमरजेंसी कोटा टिकट के नियमों में ये बदलाव हाल ही में लिए गए उस फैसले के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का फैसला किया गया है। नए नियम के अनुसार सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच रवाना वाली ट्रेन का पहला चार्ट एक दिन पहले रात को 9 बजे तक तैयार हो जाएगा। इसी तरह से दोपहर दो बजे से रात 11:59 बजे तथा रात 12 बजे से सुबह पांच बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट आठ 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

बड़ा मील में नेत्र शिविर में निशुल्क चश्मे वितरित, आधा सैकड़ा मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित निकले

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ कोंच(जालौन) स्थानीय एस एन गुप्ता पब्लिक स्कूल बड़ा मील में इस निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजक एक अच्छे समाजसेवी सुरेश नारायण गुप्ता बाबू जी की देखरेख में आयोजित किया गया इस नेत्र शिविर में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की टीम में आये डा प्रदीप कुमार रजक राम प्रताप पांडेय हामिद खान राजेंद्र कुमार और राजन आदि ने शिविर में आए तमाम मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवा और निशुल्क चश्मे वितरित किए ओर परीक्षण के उपरांत जिन मरीजों की आंखों में मोतिया बिंद पाया गया उन सभी मरीजों को अपनी गाड़ी में ले जाकर चित्रकूट ले गए जिनका ऑपरेशन किया जावेगा इस शिविर में आधा सैकड़ा भर मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाये गए और एक सैकड़ा भर मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरित किये गये

रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की लोक मंगल की कामना, शिवरात्रि पर मानसरोवर मंदिर में हुआ हवन

गोरखपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सावन शिवरात्रि के अवसर पर मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक किया।पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि (बुधवार) को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। प्राचीन मानसरोवर मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दुर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद जल, गोदुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

शरद पवार-उद्धव ने की CM फडणवीस की तारीफ, भाजपा नेता बोले- यह राज्य की संस्कृति का हिस्सा

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में सीएम देवेंद्र फडणवीस पर महाराष्ट्र नायक नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया था। इस पुस्तक में उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने सीएम फडणवीस की तारीफ की। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की एनसीपी नेता शरद पवार और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने तारीफ की। इसे लेकर भाजपा नेताओं खुशी जाहिर की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह महाराष्ट्र की संस्कृति का हिस्सा है। पवार और ठाकरे ने सीएम फडणवीस के जन्मदिन पर जारी की गई काफी टेबल बुक में उनकी तारीफ की थी।महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि किसी व्यक्ति के जन्मदिन पर उसके अच्छे काम और उपलब्धियों की सराहना करना महाराष्ट्र की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। मेरा मानना है कि उद्धव ने देवेंद्र फडणवीस के काम, उनके विजन और खासकर 2029 तक विकसित महाराष्ट्र के लिए उनके द्वारा रखे गए लक्ष्य की सराहना की है। इस विजन को वाकई महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। उद्धव ठाकरे द्वारा की गई प्रशंसा न केवल इस राज्य की राजनीति के लिए, बल्कि सभी राजनीतिक दलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जन्मदिन की बधाई या प्रशंसा कोई राजनीतिक घटना नहीं है, यह प्रोत्साहन का एक रूप है। वहीं भाजपा विधायक राम कदम ने कहा कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने सीएम के बारे में जो भी कहा है, वो बिल्कुल सही है। सीएम एक मेहनती कार्यकर्ता की तरह रात के तीन बजे तक हर व्यक्ति से मिलते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करते हैं। हमें ये समझने की जरूरत है कि हमारी राजनीतिक पार्टियां अलग हैं। हमारी लड़ाई विचारों की है, व्यक्तिगत दुश्मनी की नहीं। फडणवीस ने जताया था ठाकरे और पवार का धन्यवाद इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने जन्मदिन पर जारी कॉफी टेबल बुक में उनकी प्रशंसा करने के लिए एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को धन्यवाद दिया था। उन्होंने कहा कि वे उनके वैचारिक विरोधी हैं, दुश्मन नहीं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में फडणवीस पर महाराष्ट्र नायक नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया था। पुस्तक में शरद पवार ने लिखा है कि जब वह फडणवीस को देखते हैं तो उन्हें वह समय याद आता है जब वह स्वयं 1978 में पहली बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। फडणवीस जानकार हैं और राज्य प्रशासन पर उनकी मजबूत पकड़ है। वहीं उद्धव ठाकरे ने पुस्तक में अपने लेख में फडणवीस को एक अध्ययनशील और वफादार राजनेता बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा है कि फडणवीस के पास राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका पाने का मौका है और उन्होंने भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

नदीगांव थाने के दरोगा विशाल शर्मा ने चाकू के साथ गिरफ्तार किया

